# बिना पूर्व सूचना सरकारी वकीलों की अनुपस्थिति अनुचित

## न्यायालयीन कार्यों के सुचारु संचालन के संबंध में बैठक



नवभारत न्यूज

**सतना 11 जनवरी, सतना जिले के लोक अभियोजक/ शासकीय अभिभाषक रमेश मिश्रा ( जीपी ) ने शनिवार को समस्त अतिरिक्त लोक अभियोजक/ अतिरिक्त शासकीय अभिभाषकों ( एजीपी ) की बैठक लेकर न्यायालयीन कार्यों के सुचारु संचालन तथा प्रभावशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं।**

जीपी कार्यालय के प्रवक्ता अपर लोक अभियोजक उमेश कुमार शर्मा ने जारी निर्देशों के तहत सतना एवं मैहर जिले में पदस्थ समस्त अपर लोक अभियोजकों को न्यायालयीन कार्यों में अनुशासन, समयबद्धता और पूर्ण जिम्मेदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है। निर्देशों के अनुसार सभी अपर लोक अभियोजक संबंधित न्यायालयों में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बिना पूर्व सूचना अथवा उचित कारण के अनुपस्थिति को गंभीर लापरवाही माना जाएगा। प्रत्येक सुनवाई तिथि पर प्रकरण से संबंधित विधिक प्रावधानों, अभिलेखों एवं साक्ष्यों का सम्यक अध्ययन कर पूरी तैयारी के साथ प्रभावी पैरवी करना अनिवार्य किया गया है। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया है कि राज्य की ओर से अनावश्यक स्थगन नहीं लिया जाएगा। न्यायालयीन कार्यवाही में तत्परता एवं उत्तरदायित्व पूर्ण व्यवहार अपेक्षित होगा। किसी अपरिहार्य कारणवश अनुपस्थित रहने की स्थिति में संबंधित अपर लोक अभियोजक को पूर्व सूचना जीपी कार्यालय को देना अनिवार्य होगा, ताकि समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था की जा सके। साथ ही प्रत्येक सुनवाई के पश्चात प्रकरणों की अद्यतन स्थिति से जीपी कार्यालय को नियमित रूप से अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। न्यायालय में अनुपस्थिति, विलंब से उपस्थिति अथवा लापरवाही की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी गई है। इन निर्देशों का उद्देश्य राज्य के अधिवक्ता तंत्र को अधिक सशक्त, प्रभावी और उत्तरदायी बनाना है, ताकि न्यायालयीन कार्यों का त्वरित निष्पादन हो सके तथा शासन एवं लोकहित की समुचित रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

(जीपी) रमेश मिश्रा ने व्यवहार मामलों में अपेक्षित सहयोग न करने वाले प्रकरण प्रभारियों के विरुद्ध भी कलेक्टर को सूचित कर कार्यवाही की संस्तुति किए जाने का आग्रह किया है।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में अपर लोक अभियोजक राघवेंद्र सिंह, रावेन्द्र सिंह, गिरजेश पाण्डेय, सुनील निगम, राजेश मिश्रा, अखिलेश अवधिया, कमलेश द्विवेदी सहित सहयोगी अधिवक्ता राजीव शुक्ला, मानसमणि मिश्रा, दीपक राय, शिशिर समदरिया, भूपेंद्र दहायत, अनुराग सिंह, रितेश सिंह, राजेश मिश्रा, नागौद बीके त्रिपाठी, अमरपाटन पंकज सिंह पटेल, धर्मेंद्र सिंह, मैहर श्रीमती कल्पना सिंह उपस्थित रहे।



# पुलिस वाहन चालकों को मिला प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**सतना 11 जनवरी, वीआईपी, वीवीआईपी ड्यूटी के साथ साथ कानून व्यवस्था की स्थिति के दौरान पुलिस वाहन चालकों को क्या क्या जिम्मेदारी निभानी है.**

इस संबंध में रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिले के समस्त वाहन चालकों को परेड ग्राउंड सतना में प्रशिक्षण दिया गया। रविवार को पुलिस परेड ग्राउंड में रक्षित निरीक्षक देविका सिंह बघेल के द्वारा जिले के समस्त वाहन चालकों को प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा लॉ एंड ऑर्डर ड्यूटी के मद्देनजर चलाए गए वाहन चालकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण रविवार को पुलिस परेड ग्राउंड सतना में आयोजित किया गया। जिसमें वाहन चालकों को वीआईपी वीवीआईपी ड्यूटी में वाहन को चलाने एवं लॉ एंड ऑर्डर ड्यूटी में अश्रु गैस के गोले चलाने का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें जिले के समस्त वाहन चालक उपस्थित रहे।



# जहां बरसाए पत्थर वहीं पर पुलिस ने निकाला जुलूस

▶ आधा दर्जन से अधिक आरोपियों की तलाश में ताबड़तोड़ दबिश जारी

नवभारत न्यूज

**सतना 11 जनवरी, कोलगवां थाना क्षेत्र में गुरुवार रात पुलिस टीम को दौड़ा-दौड़ा कर पत्थर मारने वाले बदमाशों को पुलिस ने उनकी असली जगह दिखा दी। पुलिस ने हमलावर 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उसी नई बस्ती इलाके में उनका पैदल जुलूस निकाला, जहां उन्होंने दहशत फैला रखी थी। हाथों में हथकड़ी और चेहरे पर हवाइयां लिए आरोपी भरी भीड़ के सामने कान पकड़कर कहते नजर आए कि साहब गलती हो गई।**

जानकारी अनुसार घटना की शुरुआत गुरुवार रात को हुई। नई बस्ती में पानी की टंकी के पास कुछ नशे?ी युवकों ने एक कार सवार को रोक लिया। बदमाशों ने कार पर पत्थर मारे, तो?फो? की और चालक से पैसों की मांग करते हुए मारपीट की। सूचना पर जब एएसआई उमेश पांडेय एक आरक्षक के साथ पहुंचे, तो बदमाशों ने खाकी का लिहाज करने के बजाय उन पर ही हमला बोल दिया। बाद में अतिरिक्त बल पहुंचा, तो आरोपियों ने उन पर भी ईंट-पत्थर बरसाए, जिससे पुलिस को पीछे हटना पड़ा था। पुलिस के मुताबिक आम जनता में सुरक्षा का भाव पैदा करने और अपराधियों में कानून का खौफ बैठाने के लिए यह जुलूस निकाला गया। फिलहाल घटना में शामिल 7 अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है।

### पुलिस ने 4 बदमाशों को दबोचा

पुलिस पर हुए हमले को टीआई सुदीप सोनी ने चुनौती के रूप में लिया। रात भर सर्च ऑपरेशन चलाकर पुलिस ने 4 आरोपियों को दबोच लिया। इसमें पवन कुशवाहा ( 18 ), हरिकृष्ण यादव ( 25 ), प्रशांत सिंह ( 20 ) ( सभी निवासी हनुमान नगर ) और एक नाबालिग शामिल है। पुलिस ने दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की हैं। कार चालक की शिकायत पर लूट/अ?ीबाजी और पुलिस की शिकायत पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

## संकल्प से समाधान अभियान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**सतना 11 जनवरी,** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा शासन की विभिन्न जन योजनाओं, सेवाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदाय करने हेतु संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चलाया जायेगा। कलेक्टर मैहर रानी बाटड द्वारा कार्यक्रम के सुचारू संचालन एवं पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तरीय नोडल नियुक्त किये गये गये है। जारी आदेशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सतना एवं मैहर ग्रामीण क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण सतना एवं मैहर को नगरीय क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# अपहरण कर लूटपाट करने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार

## बेला क्षेत्र में 10 दिन पूर्व हुई थी घटना, घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद



नवभारत न्यूज

**सतना 11 जनवरी. नए वर्ष के प्रथम दिन कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती के तौर पर सामने आई अपहरण और लूटपाट जैसी गंभीर घटना के मामले में आखिरकार 10 दिन बाद पुलिस को सफलता मिल गई. घटना में शामिल रहे 7 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया. वहीं लूटी गई नकदी का 40 फीसदी हिस्सा और मोबाइल को पुलिस ने जब्त कर लिया.**

रामपुर बघेलान थाने की बेला चौकी प्रभारी इंद्रबली सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जनवरी को अपहरण करते हुए मारपीट कर नकदी और मोबाइल लूटने की घटना सामने आई थी. बेला निवासी योगेंद्र सिंह और राहुल साकेत द्वारा शिकायत करते हुए पुलिस को बताया गया कि अचानक आ धमके 4 अज्ञात लोगों ने घटना को अंजाम दिया था. बदमाशों ने योगेंद्र और राहुल को उन्हीं के बोलेरो वाहन में जबरदस्ती बैठाकर अपहरण कर लिया था. जिसके बाद मारपीट करते हुए उनका मोबाइल और 15 हजार रु की नकदी लूट ली गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए रामपुर बघेलान थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी द्वारा पुलिस की 4 टीमें गठित करते हुए मैहर अमरपाटन नादन देहात मैहर और बेला क्षेत्र की ओर रवाना कर दिया. जिसका नतीजा यह हुआ कि आरोपी दीपेंद्र उर्फ छोटू 23 वर्ष को ग्राम उमरी नादन देहात से, गौरी बाजार देविरया उप्र निवासी दिवाकर तिवारी 25 वर्ष को शिव शक्ति लाइट नादन से, आरोपी अरुण सिंह 23 वर्ष को शिव शक्ति रोड लाउट नादन से, आरोपी प्रभात त्रिपाठी 24 वर्ष को बैंक कालोनी मैहर से, योगेंद्र सिंह उर्फ राजन 21 वर्ष को रामपुर बघेलान से, आरोपी राज चतुर्वेदी 20 वर्ष को रामपुर बघेलान से और आरोपी शुभम परौहा 26 वर्ष को रामपुर बघेलान से गिरफ्तार कर लिया गया.

### बिना नंबर के वाहन जब्त

पूछताछ किए जाने पर आरोपियों ने अपहरण और लूट की घटना करना स्वीकार कर लिया. वहीं आरोपियों की तस्दीक पर घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल और बिना नंबर की सुजुकी कंपनी की स्कूटी बरामद कर ली गई. इसके साथ ही आरोपियों द्वारा लूटी गई 15 हजार कर रकम में 6 .5 हजार रु और मोबाइल को भी बरामद कर लिया गया.

# शिक्षा संवर्ग कर्मचारियों ने सांसद को मांगों से संबंधित सौंपा ज्ञापन

## ओल्ड पेंशन योजना लागू करने सहित कई समस्यायों के निदान की मांग



नवभारत न्यूज

**सतना 11 जनवरी. मप्र राज्य कर्मचारी संगठन एवं भारतीय मजदूर संगठन के तत्वावधान में सतना लोकसभा क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह से भेंट कर ज्ञापन सौंपते हुए शिक्षा संवर्ग कर्मचारियों द्वारा अपनी मांग और समस्यायों के अविलंब निराकरण की मांग रखी गई.**

सांसद से भेंट के दौरान शिक्षा संवर्ग कर्मचारियों ने सभी शिक्षकों की वरिष्ठता का निर्धारण नियुक्ति दिनांक से करने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से 100 प्रतिशत वेतन दिए जाने, चतुर्थ समय वेतनमान का लाभ 35 वर्ष की सेवा पर मिलने, एनपीएस के स्थान पर ओपीएस को पुन: बहाल करने, समय समय पर विभागीय परीक्षा आयोजित करने और महत्वपूर्ण पदों पर भर्ती इसी से किए जाने की मांग रखी. इसी कड़ी में शिक्षा संवर्ग कर्मचारियों ने बताया कि ई-अटेंडेंस सभी कर्मचारियों में भय संदेह और असंतोष का कारण बन रही है. आए दिन सर्वर डाउन होना आम बात है. जिसे देखते हुए वेतन निर्धारण में ई अटेंडेंस को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए., इसके साथ ही यह भी मांग की गई कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों जैसे बीएलओ-जनगणना में न लगाया जाए. अनुकंपा नियुक्ति में डीएड बीएड डिग्री और पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के नियमों को शिथिल किया जाए. कर्मचारियों को चिकित्सा के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाए. कर्त्तव्य निर्वहन के दौरान दुर्घटना बीमा का लाभ भी दिया जाए. शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों की समस्यायों को गंभीरता से सनने के बाद सांसद श्री सिंह द्वारा आश्वस्त किया गया कि उनकी सभी वाजिब और न्यायपूर्ण मांगों समस्यायों से संबंधित ज्ञापन को मुख्यमंत्री से चर्चा कर निराकरण का प्रयास किया जाएगा.

### ये रहे उपस्थित

सांसद से भेंट कर ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी, शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मोहित गर्ग, संरक्षक राजेंद्र उपाध्याय, भारतीय मजदूर संघ से जिलाध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह, जिला मंत्री शरद तिवारी, मैहर जिले से मुनींद्र शुक्ला, सतना जिले से राकेश पटेल, राकेश त्रिपाठी, एनसीसी प्रभारी अशोक कुमार पाण्डेय, प्रेम प्रकाश पाल और सुभाष सिंह सहित संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे.

# हैहवंशीय ताम्रकार कसेरा समाज की हुई प्रदेश स्तरीय बैठक



नवभारत न्यूज

**सतना 11 जनवरी, आज हैहवंशीय ताम्रकार कसेरा समाज समिति की प्रदेश स्तरीय एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।**

बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश अध्यक्ष के आगामी चुनाव को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं सर्वसम्मति से संपन्न कराना रहा। इस गरिमामयी बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनारायण ताम्रकार , महापौर योगेश कुमार ताम्रकार, प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार, कार्यकारी अध्यक्ष पुष्पेंद्र ताम्रकार एवं धर्मेंद्र पैगवार, ताम्रकार समाज अध्यक्ष अनिल ताम्रकार मौसम सहित प्रदीप ताम्रकार, आशीष ताम्रकार, रामनरेश ताम्रकार, कैलाश ताम्रकार, पुष्पेंद्र, अभिषेक, राहुल, रामकृष्ण, राजकुमार, राजू ताम्रकार, रवेंद्र, हरि एवं अन्य समाजजन की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में समाज के संगठनात्मक सशक्तिकरण, युवा सहभागिता तथा समाज की भावी दिशा को लेकर सकारात्मक एवं सार्थक विचार-विमर्श किया गया। समाज को एकजुट रखते हुए उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प सभी उपस्थित जनों द्वारा साझा किया गया।



# अग्रसेन भगवान की महाआरती पर लगाया गया 101 व्यंजनों का भोग

नवभारत न्यूज

**सतना 11 जनवरी, मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल एवं प्रदेश महामंत्री श्रीमती सविता अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल महिला जिला अध्यक्ष सीमा अग्रवाल के नेतृत्व में बूटी बाई स्कूल प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

जवाहर नगर में स्थित अग्रसेन मंदिर में नववर्ष 2026 के माघ माह की पावन बेला पर सायं 5.30 बजे भगवान अग्रसेन जी एवं माता महालक्ष्मी जी के समक्ष 101 व्यंजनों का भोग लगाया गया एवं महाआरती की गई महाआरती का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी सीता राम रामू के कर कमलों से विशिष्ट अतिथि नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल महामंत्री रामकुमार अग्रवाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विष्णु अग्रवाल, उपाध्यक्ष दीप अग्रवाल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, , सह मंत्री मोहित अग्रवाल राजकुमार अग्रवाल राजू धवारी तिरपाल वाले, की उपस्थिति में किया गया कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण कर किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे जिला महामंत्री मंजू चमड़ियां, रत्ना अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल वैभव कला केंद्र, नेहा अग्रवाल सहित सैकड़ों अग्रबंधुओं ने महाआरती कर पुण्य लाभ प्राप्त किया ।

### एक नजर में




## सज्जनपुर की नयन ने मैसूर में गोल्ड मेडल पाया

**सतना ,** मैसूर यूनिवर्सिटी से बीए एलएलबी में नयन पांडे ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। वहां रहकर इन्होंने शिक्षा दीक्षा ग्रहण की है। सज्जनपुर में मध्यमवर्गीय परिवार में शिक्षक स्वर्गीय कपिल देव पांडे की यहां नीतीन के रूप जन्मी नयन पांडे माता शशि पांडे पति राजेश पांडे ने एंट्रेंस एग्जाम क्रॉस कर मैसूर यूनिवर्सिटी में दाखिला लिया ।बीए एलएलबी का 5 वर्षीय कोर्स कर राज्यपाल के हाथों गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इनकी प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा माधवगढ़ स्थित डी पॉल स्कूल से हुई दसवीं में 95त्न हासिल की 12वीं की शिक्षक क्राइस्ट ज्योति स्कूल सतना से हुई। में नयन पांडे शुरू से ही मेधावी छात्र के रूप में रही । आगे की पढ़ाई एल .एल.एम की करनी है. विधि के क्षेत्र में तैयारी करनी है ।उनकी सफलता पर परिवार के सदस्यों , रिश्तेदारों ,ईस्ट मित्रों ने खुशी जाहिर की है ।

## संजय सिंह तोमर फिर चुने गए प्रदेश अध्यक्ष




**सतना,**दवा प्रतिनिधियों का 42 वां राज्य सम्मेलन बैतूल इकाई के द्वारा 10 और 11 जनवरी को आयोजित किया गया जिसमें मध्यप्रदेश की 22 इकाई से आए 127 साथियों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष कामरेड संजय सिंह तोमर ,प्रदेश सचिव कामरेड वीरेंद्र सिंह रावल और प्रदेश कार्यकारणी में कामरेड राकेश सिंह परिहार और कामरेड जितेंद्र मिश्रा को सर्व सम्मति से चुना गया।

## डोहर समाज का शपथ ग्रहण समारोह

**सतना,** डोहर समाज संघ के तत्वाधान में डोहर समाज का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को जैतवारा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतना सांसद गणेश सिंह रहे। समारोह के दौरान समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपने दायित्वों के निर्वहन की शपथ ली और समाज के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रेनू डोहर, गंगा डोहर, राजेन्द्र डोहर, संजय शुक्ला, मनीष त्रिपाठी, केशव बंसल, बीएल यादव निराला, बद्री नारायण, अशोक बंसल, चंद्रभूषण तिवारी, रामगोपाल डोहर, अजय डोहर, रामबहादुर डोहर, रामनारायण डोहर, पिंटू डोहर, सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।






# एकेएस का जेके सीमेंट माइंस में इंटरैक्टिव टेक्निकल सत्र

नवभारत न्यूज

**सतना 11 जनवरी,औद्योगिक भारत की मजबूत नींव और अकादमिक उत्कृष्टता के सेतु को और सुदृढ़ करते हुए जेके सीमेंट वर्क्स, निंबाहेड़ा में एकेएस यूनिवर्सिटी की ओर से इंटरैक्टिव टेक्निकल सेशन का आयोजन किया गया।**

यह सत्र न केवल तकनीकी विमर्श का मंच बना, बल्कि शिक्षाङ्कउद्योग सहयोग के वैश्विक परिदृश्य में एकेएस यूनिवर्सिटी की बढ़ती भूमिका को भी रेखांकित करता दिखा। कार्यक्रम का आयोजन जेके सीमेंट माइंस के अधिकारियों के साथ संवादात्मक स्वरूप में किया गया, जिसमें श्री वाई. शर्मा (हेड माइंस ङ्क निंबाहेड़ा, मंगलौर), श्री सुधीर नागौरी (सीनियर मैनेजर, केकेसी) सहित अन्य माइंस मैनेजरगण उपस्थित रहे। एकेएस यूनिवर्सिटी की ओर से डीन प्रो. (डॉ.) जी.के. प्रधान, इंजी. शीलेन्द्र उपाध्याय तथा इंजी. रमेश कांत ने तकनीकी प्रस्तुति दी। वैश्विक संदर्भ में माइनिंग और टेक्नोलॉजी प्रस्तुति के दौरान आधुनिक माइनिंग तकनीकों, सेफ्टी प्रोटोकॉल्स, सस्टेनेबल डेवलपमेंट, डिजिटलीकरण, ऑटोमेशन और पर्यावरण संतुलन जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई।

# आज महर्षि महेश योगी जी का 109 वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा



नवभारत न्यूज

**सतना 11 जनवरी, महर्षि विद्या मंदिर बगहा सतना में 12 जनवरी दोपहर 3 बजे से महर्षि ज्ञान युग दिवस एवं महर्षि महेश योगी जी का 109 वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जायेगा।**

इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ मंच से दी जाएंगी। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय में उत्साह का माहौल है। संस्था के प्राचार्य उपवन कुमार अग्रवाल ने बताया कि समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए शिक्षक एवं विद्यार्थी पूरे उत्साह से जुटे हुए हैं।

# सिटी कार्स के रोड शो में मारुति विक्टोरिस बनी आकर्षण का केंद्र



नवभारत न्यूज

**सतना 11 जनवरी, शहर में सिटी कार्स द्वारा आयोजित मारुति विक्टोरिस रोड शो ने शहर में खास उत्साह पैदा कर दिया। रोड शो के दौरान सड़कों पर लोगों की भीड़ देखने को मिली और हर तरफ मारुति विक्टोरिस की चर्चा होती रही।**

शानदार डिज़ाइन, दमदार लुक और आधुनिक फीचर्स के कारण मारुति विक्टोरिस ने युवाओं से लेकर परिवारों तक सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। लोग रुक-रुक कर गाड़ी को देखते, फोटो-वीडियो बनाते और इसकी खूबियों के बारे में जानकारी लेते नजर आए। इस मौके पर सिटी कार्स के वाइस प्रेसिडेंट शेरू खान ने बताया कि मारुति विक्टोरिस को ग्राहकों से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने कहा, मारुति विक्टोरिस अपने आधुनिक लुक, नई तकनीक और प्रीमियम अनुभव के कारण ग्राहकों को खूब पसंद आ रही है। यह रोड शो ग्राहकों से सीधे जुड़ने का एक प्रभावशाली माध्यम रहा। उन्होंने आगे कहा कि सिटी कार्स का उद्देश्य ग्राहकों को सिर्फ वाहन नहीं, बल्कि भरोसे और संतुष्टि से जुड़ा अनुभव देना है। कुल मिलाकर, यह रोड शो पूरी तरह सफल रहा और आने वाले समय में मारुति विक्टोरिस की लोकप्रियता और बढ़ने की पूरी उम्मीद है।